संक्षिप्त समाचार

नगर परिषद चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने कलेक्टर ने व्यक्त किया आभार

अनूपपुर, (नव स्वदेश)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना ने अनूपपुर जिले के प्रथम चरण के स्थानीय निकाय चुनाव अंतर्गत नगर परिषद अमरकंटक निर्वाचन 2022 को सफलतापूर्वक संपन्न मतदान के लिए मतदाताओं, मतदान कार्मिकों, पुलिस के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटए सेक्टर प्रभारी सहित प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों सहित पत्रकारों आदि का आभार व्यक्त किया है।

301 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी व 400 सुरक्षा कर्मी पंचायत चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात

अनूपपुर, (नव स्वदेश)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तृतीय चरण के तहत विकासखण्ड कोतमा एवं अनूपपुर में मतदान 8 जुलाई को सम्पन्न होगा। निर्विघ्न निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक अखिल पटेल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के मार्गदर्शन में नगर निरीक्षक स्तर के 2, उप निरीक्षक स्तर के 14, सहायक उप निरीक्षक स्तर के 71, प्रधान आरक्षक 81, आरक्षक 102, महिला प्रधान आरक्षक व आरक्षक 31 तथा विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में 400 सुरक्षा कर्मी चुनाव ड्यूटी के लिए तैनात किए गए हैं।

उल्टी दस्त से पीड़ित हो रहे बच्चे

शहडोल, (नव स्वदेश)। मौसमी बीमारी शुरू हो गई है खासतौर पर बच्चों में डायरिया की शिकायतें सामने आ रही है उल्टी दस्त और पेट दर्द से पीड़ित बच्चों की संख्या बढ़ती ही जा रही है ऐसे में जिला अस्पताल के साथ-साथ सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीज का दबाव बढ़ने लगा है वर्षा के शुरू होते ही जल जनित रोग अब अपने पैर पसारने लगे हैं ऐसे में बड़ी उम्र के लोग तो अपनी देखभाल लेते हैं लेकिन बच्चे जल्दी बीमार हो जाते हैं जिला अस्पताल का बच्चा वार्ड और आईसीयू में इस तरह के बच्चों की भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है जून में तकरीबन 45 बच्चे उल्टी दस्त से पीड़ित होकर इलाज के लिए भर्ती कराए गए हैं लेकिन जुलाई में जैसे ही वर्षा का मौसम शुरु हुआ है उल्टी दस्त से पीड़ित होकर इलाज के लिए अस्पताल में इलाज के साथ समझाइश भी दी जा रही है।

आज मुख्यमंत्री रहेंगे शहडोल जिले के प्रवास पर

शहडोल, (नव स्वदेश)। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 7 जुलाई 2022 को शहडोल जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान दोपहर 12:00 बजे जबलपुर एयरपोर्ट से हैलीकैप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 12ः35 बजे हेलीपैड धनपुरी जिला शहडोल आएंगे तथा स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगें। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान दोपहर 1:35 बजे हेलीपैड धनपुरी से जिला सीधी के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

नगरीय क्षेत्रों में 13 जुलाई को सामान्य अवकाश घोषित

शहडोल, (नव स्वदेश)। नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2022 के मददेनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदेष जारी कर जिले के नगरीय निकाय धनपुरी, ब्यौहारी, खांड एवं बकहो क्षेत्र में 13 जुलाई 2022 को सामान्य अवकाश घोषित किया है तथा निर्वाचन क्षेत्रों के लिये परक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इन्स्ट्रुमेट्स एक्ट)1881 (1881 का क्रमांक 26) की धारा 25 के तहत सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किया है।

नगर सरकार चुनने अमरकंटक के मतदाताओं ने किया मताधिकार, 67 प्रतिशत हुआ मतदान, 17 को मतगणना

■ अनूपपुर, (नव स्वदेश)।

नगरीय निकाय आम निर्वाचन के प्रथम चरण के तहत 6 जुलाई को जिले के पवित्र नगरी अमरकंटक के नगर परिषद के 15 पार्षद पद के लिए ईव्हीएम से मतदान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना के कुशल मार्गदर्शन में निर्विघ्न व शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। समाचार लिखे जाने तक सायं 6.30 बजे तक लगभग 67 प्रतिशत मतदान की सूचना प्राप्त हुई है। 15 वार्डों के लिए 16 मतदान केन्द्र बनाए गए थे। मतदान मॉकपोल के पश्चात् प्रातः 7 बजे से प्रारम्भ हुआ। मौसम शुष्क होने से मतदान करने मतदाता धीरे-धीरे अपने घरों से निकले। मतदान का क्रम सामान्य गति से चला। प्रातः 9 बजे तक 11.7 प्रतिशत, प्रातः 11 बजे तक 29.38 प्रतिशत, अपरान्ह 1 बजे तक 46.56 प्रतिशत, अपरान्ह 3 बजे तक 57.71 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 15 पार्षद पद के विरुद्ध 44 अभ्यर्थियों को मिले मत ईव्हीएम में कैद हो गए। मतदान करने युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों, साधु-संतों में खासा उत्साह नजर आया। मतदाताओं ने प्रजातांत्रिक व्यवस्था में मिले मतदान के अमूल्य अधिकार का जिम्मेदारी से निर्वहन किया।

सीमावर्ती निकाय होने से सख्त रही कानून व्यवस्था

जिले के अंतिम छोर तथा छत्तीसगढ़ राज्य से लगी नगरीय निकाय अमरकंटक की सीमा व चुनाव को दृष्टिगत रख सम्पूर्ण निर्वाचन क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को चौकस रखा गया था। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक विनोद चतुर्वेदी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक अखिल पटेल, रिटर्निंग ऑफीसर एवं एसडीएम पुष्पराजगढ़ अभिषेक चौधरी, सहायक रिटर्निंग ऑफीसर नायब तहसीलदार नीलेश धुर्वे, एसडीओपी सुश्री सोनाली गुप्ता ने मतदान के दौरान सम्पूर्ण निर्वाचन क्षेत्र के साथ ही मतदान केन्द्रों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने मतदान केन्द्रों में तैनात पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों से कार्यों की जानकारी लेते हुए सुव्यवस्थित निर्वाचन सम्पन्न कराने के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।

मतदान केन्द्रों में उपलब्ध रही सभी मूलभूत सुविधाएं

मतदान के दौरान मतदान केन्द्रों में राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रही व्हील चेयर के माध्यम से निःशक्त और बुजुर्ग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग आसानी से किया।

17 जुलाई को होगी प्रथम चरण की मतगणना

प्रथम चरण में सम्पन्न नगरीय निकायों के आम निर्वाचन के मतों की गणना रविवार 17 जुलाई को प्रातः 9 बजे से की जाएगी। तत्पश्चात् निर्वाचन परिणामों की घोषणा की जाएगी।

खरीफ फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक कृषकों से लाभ उठाने की अपील-एन.डी. गुप्ता

अनूपपुर, (नव स्वदेश)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत वर्ष 2022-23 मौसम खरीफ एवं रबी हेतु जिले अन्तर्गत फसल बीमा का कार्य विभिन्न आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों एवं बैंकों द्वारा किया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए किसान कल्याण तथा कृषि विकास के उप संचालक एन.डी. गुप्ता ने बताया है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत मौसम खरीफ 2022 हेतु अधिसूचित पटवारी हल्का अन्तर्गत किसानों की अधिसूचित फसलों का बीमा करने हेतु बैंकों द्वारा प्रीमियम नामे किये जाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। बैंकों द्वारा बीमित किसानों की प्रविष्टि हेतु भारत सरकार का फसल बीमा पोर्टल पर बैंकों द्वारा समय-सीमा में प्रविष्टि किया जाना आवश्यक है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया है कि बोई गई फसल की क्षति के समय कृषकों को हानि से बचने के लिए तथा बोई जाने वाली फसल में किसान द्वारा किसी भी प्रकार का परिवर्तन किया गया है तो किसान द्वारा संबंधित बैंक से सम्पर्क कर बीमांकन की अंतिम तिथि के 2 दिन पूर्व यानि 29 जुलाई तक बोई गई वास्तविक फसल की जानकारी बैंकों को उपलब्ध कराया जाना है।

किसानों की सुविधा को देखते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ 2022 अन्तर्गत प्रदेश में नेशनल क्राप इन्श्योरेन्स पोर्टल पर भू-अभिलेख के एकीकरण का कार्य किया जा रहा है। पंजीयन के समय कृषक की भूमि धारिता संबंधी जानकारी भू-अभिलेख के आधार पर पोर्टल में ड्राप डाउन पर उपलब्ध हो सकेगी जिसमें बीमाकर्ता (बैंकर्स/कामन सर्विस सेन्टर/स्वयं कृषक) द्वारा संगत खसरा नम्बर का चयन कर धारित भूमि का बीमा किया जा सकेगा। किसानों की सुविधा को देखते हुए पंजीयन के दौरान खसरा नम्बर तथा बीमित भूमि के क्षेत्रफल की सही-सही जानकारी बैंक द्वारा एनसीआईपी पोर्टल पर दर्ज की जाना है जिससे किसानों को समय पर सही बीमा पॉलिसी जारी हो सकेगी। उप संचालक कृषि द्वारा सभी बैंक शाखाओं, आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों एवं कृषकों से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा कृषक फसल बीमा करवा कर योजना से लाभान्वित होवें।

मोटरसाइकिल से अनूपपुर सब्जी लेने आ रहे मां-पुत्र को अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर, पुत्र की मौत, मां घायल

■ अनूपपुर, (नव स्वदेश)।

अमलाई थाना अंतर्गत ग्राम बटुरा मे राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में बुधवार की सुबह अज्ञात बड़े वाहन की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार युवक तथा उसकी मां गंभीर रूप से घायल हुई। सूचना पर 100 डायल पुलिस ने दोनो घायलो को जिला चिकित्सालय अनूपपुर में लाया जहां परीक्षण दौरान ड्यूटी डॉक्टर ने 20 वर्षीय युवक को मृत घोषित किया। वही 36 वर्षीय महिला जो गंभीर रूप से घायल रही को बेहतर उपचार हेतु शहडोल रिफर किया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार बुढार थाना अंतर्गत ग्राम जरवाही निवासी मुरली केवट का 20 वर्षीय पुत्र अमन केवट अपनी 36 वर्षीय मां संतोषी केवट को मोटरसाइकिल से लेकर सुबह 10 बजे के लगभग सब्जी लेने के लिए अनूपपुर बाजार आ रहा था तभी अमलाई थाना अंतर्गत ग्राम बटुरा में पेट्रोल पंप के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 43 मे कोतमा की ओर से आ रहा अज्ञात ट्रक की ठोकर लगने से मां-बेटा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसकी सूचना पर पहुंची 100 डायल पुलिस द्वारा पुलिस से दोनों घायलों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां परीक्षण के दौरान ड्यूटी डांक्टर द्वारा 20 वर्षीय अमन केवट को मृत घोषित किया। वही उसकी मां संतोषी केवट को प्राथमिक उपचार बाद मरीज की गम्भीर हालात को देखते हुये बेहतर उपचार हेतु शहडोल रिफर किया गया है। इस दौरान डॉक्टर की सूचना पर पुलिस सहायता केंद्र जिला चिकित्सालय अनूपपुर पुलिस द्वारा मृतक अमन केवट के शव का पंचनामा कर पीएम कराने के बाद कफन-दफन हेतु परिजनों को सौंप कर प्रारंभिक जांच प्रारंभ की। घटना के बाद से अज्ञात वाहन चालक वाहन लेकर बुढ़ार- शहडोल की ओर फरार हो गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

पंडित एसएन शुक्ला विश्वविद्यालय सफाई एवं पौधरोपण सम्पन्न

शहडोल, (नव स्वदेश)। पंडित एसएन शुक्ला विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के नवीन सत्र 2022 2023 की प्रथम दैनिक इकाई का आयोजन शहडोल परिसर में किया गया। इकाई की शुरुआत प्रार्थना गीत नौजवानों हावरे गाकर की गई तथा स्वास्थ्य वर्धन हेतु योग व्यायाम कराया गया। तक गिनती की प्रक्रिया से परिचय सत्र के उपरांत परियोजना कार्य के अंतर्गत संपूर्ण विश्व विद्यालय की सफाई की राष्ट्रीय स्वयंसेवक द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया स्वयंसेवकों ने श्रम सीकर में जय जगत गीत गाया महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ चेतना सिंह डॉक्टर उमा सिंह और पूर्व सिकाई क्रमांक 1 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ पी रावत की गरिमामय उपस्थिति में बौद्धिक सत्र प्रारंभ हुआ बौद्धिक सत्र का विषय राष्ट्रीय सेवक का इतिहास था जिस पर नवनियुक्त दल नायक वंश कुमार वर्मा ने संक्षिप्त में बताया एवं दिशा सिंह बघेल द्वारा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई सह दल नायक सुचिता तिवारी ने एवं प्रमाण पत्र की पात्रता के बारे में बताया और साथी वरिष्ठ तिवारी द्वारा स्वयं सेवकों का परिचय कराया गया विदित हो कि इस वर्ष से पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में राशि और नवीन इकाइयों का शुभारंभ होगा।

मतदाता जागरूकता संगोष्ठी व पेंटिंग, स्लोगन स्पर्धा का आयोजन शासकीय तुलसी महाविद्यालय में संपन्न

■ अनूपपुर, (नव स्वदेश)।

शासकीय तुलसी महाविद्यालय मे 6 जुलाई को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को मतदान की आवश्यकता एवं महत्व के संबंध में अवगत कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया जिसकी संयोजक कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संगीता बासरानी रहीं। संगोष्ठी के साथ मतदान के प्रति जन-जागरूकता के लिए पेंटिंग और स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के नवप्रवेशित बच्चों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। इस अवसर पर वक्ता के रूप में उपस्थित स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. विनोद कुमार कोल के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने और अपने परिवार के सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. कमलेश चावले, डॉ. बृजेन्द्र सिंह, डॉ. संजीव द्विवेदी, डॉ. दुर्गेश द्विवेदी, और प्रो. सूरज पारवानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अनूपपुर-अमरकंटक मार्ग में किरर घाट में पत्थरों का स्खलन होने से कुछ घंटों के लिए मार्ग हुआ बंद

■ अनूपपुर/राजेन्द्रग्राम, (नव स्वदेश)।

अनूपपुर-अमरकंटक सड़क मार्ग पर बारिश होते ही किरर घाट मे पत्थरो का स्खलन फिर प्रारंभ हो गया जिससे कुछ समय के लिए जाम लग गया। अभी कुछ माह पूर्व काफी समय के लिए मार्ग को बंद कर काम किया गया था। लेकिन बारिश होते ही फिर से आज 6 जुलाई को फिर बड़े बड़े पत्थरो का स्खलन की वजह से आज मार्ग कुछ घंटों के लिए बंद हो गया एवं जाम लग गया।

एमपीआरडीसी की बड़ी लापरवाही की वजह से मार्ग अवरुद्ध हो रहा हैं। समय रहते हुए अनूपपुर-अमरकंटक मार्ग में पड़ने वाले किरर घाट में मेंटेनेंस न करने की वजह से वहा पर पत्थरो का स्खलन फिर से प्रारंभ हो गया है। जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है एवं मार्ग अवरुद्ध हो सकता है। आवश्यकता है कि समय रहते वरिष्ठ अधिकारी इस ओर ध्यान दें जिससे भविष्य में पत्थरों का स्खलन रुक सके और आवागमन में किसी तरह की बाधा ना आए।

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अधिकारियों ने अबाध कोयला आपूर्ति पर एनसीएल की सराहना की

जरूरत के समय एनसीएल ने निर्भर बिजली घरों को किया लक्ष्य का 107.3 प्रतिशत कोयला आपूर्ति

■ सिंगरौली, (नव स्वदेश)।

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के अधिकारियों ने हाल ही में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की खदानों एवं साइटों का दौरा किया एवं एनसीएल सहित पूर्व मध्य रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में एनसीएल के महाप्रबंधक (सेल्स एवं मार्केटिंग) ने एनसीएल द्वारा चालू एवं पिछले वित्त वर्ष में किए गए कोयला प्रेषण के आंकड़ों से उन्हें अवगत करवाया। बैठक में बिजली घरों को प्रेषित किए गए कोयले का भी ब्योरा रखा गया। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में बिजली घरों को 30 जून तक पिछले वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही के मुक़ाबले 26ः अधिक कोयला भेजा है। एनसीएल ने वित्तीय वर्ष 2022.23 में 30 जून तक बिजली घरों को 28ण्99 मिलियन टन लक्ष्य के सापेक्ष 31.12 मिलियन टन कोयला प्रेषित किया है जो तय तिथि तक दिये गए लक्ष्य का लगभग 107.3ः है। साथ ही एनसीएल पर आधारित बिजली घरों के पास भी पर्याप्त मात्र में कोयला उपलब्ध है।

बैठक में कोयला प्रेषण को बढ़ाने के लिए एनसीएल एवं रेलवे द्वारा विकसित किए जा रहे आधारभूत संरचनाओं को भी विस्तार से बताया गया जिनके लगभग एक वर्ष के अंतराल में पूर्ण हो जाने से कोयला प्रेषण में तेजी व सुगमता आएगी।

एनसीएल प्रबंधन ने केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के अधिकारियों को आश्वासत किया कि एनसीएल से कोयला लेने वाले बिजली घरों को भरपूर मात्र में कोयला उपलब्ध किया जाता रहेगा। एनसीएल और रेलवे अधिक से अधिक कोयला प्रेषण हेतु समन्वय से कार्य कर रहें है। एनसीएल महत्वकांक्षी 9 फ़र्स्ट माइल कोन्नेक्तिविटी परियोजनाओं पर तेजी से कार्य कर रही हैं जिनके पूरा होते ही पर्यावरण अनूकूल माध्यमों से उल्लेखनीय मात्रा में कोयला प्रेषण हो सकेगा।

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन है जो सरकार को नीतिगत मामलों में सलाह देता है और बिजली प्रणालियों के विकास के लिए योजनाएँ तैयार करता है। यह विद्युत आपूर्ति अधिनियम 1948 की धारा 3 के तहत गठित एक वैधानिक संगठन हैए जिसे विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 70 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है।

निरस्त 9 जुलाई तक निरस्त ट्रेनों की अवधि में एक सप्ताह की गई बढ़ोतरी

16 जुलाई तक निरस्त रहेंगी ट्रेन

■ अनूपपुर, (नव स्वदेश)।

रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार कुछ गाड़ियो को 9 जुलाई, 2022 तक निरस्त किया गया था इस अवधि को एक सप्ताह और बढ़ाया गया है। इसके फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।जिसका विवरण इस प्रकार है।

निरस्त होने वाली एक्सप्रेस एवं मेमू ट्रेन

दिनांक 10 से 16 जुलाई, 2022 तक बिलासपुर एवं भोपाल से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18236-18235 बिलासपुर-भोपाल -बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 9 से 15 जुलाई, 2022 तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 10 से 16 जुलाई, 2022 तक रीवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 9 से 15 जुलाई, 2022 तक जबलपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 10 से 16 जुलाई, 2022 तक अम्बिकापुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 13 जुलाई, 2022 को रानी कमलापति से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22169 रानी कमलापति-संतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 14 जुलाई, 2022 को संतरागाछी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22170 संतरागाछी-रानी कमलापति एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

निरस्त होने वाली मेमू ट्रेन

दिनांक 10 से 16 जुलाई, 2022 तक बिलासपुर एवं शहडोल रवाना होने वाली गाडी संख्या 08740-08739 बिलासपुर-शहडोल-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है तथा सहयोग की आशा करता है।

कम मतदान से राजनीतिक दलों के माथे पर शिकन

सिंगरौली नगर निगम चुनाव में हुआ 52.56 प्रतिशत मतदान, औद्योगिक आवासीय परिसरों से कम निकले मतदाता

■ सिंगरौली, (नव स्वदेश)।

नगर निगम सिंगरौली के महापौर व 45 वार्डों के पार्षदों को चुनने के लिए हुए कम मतदान ने भाजपा सहित अन्य दलों के नेताओं के माथे पर शिकन ला दिया है। बुधवार को संपन्न हुई निर्वाचन प्रक्रिया में कुल 52.56 प्रतिशत मतदान ने पिछले सभी रिकॉर्ड्स को खण्डित कर दिया है। पूर्व के चुनावों में मतदान का आंकड़ा 60 से 75 प्रतिशत अथवा इससे भी अधिक रहा है। ज्ञात हो कि इस बार सिंगरौली नगर निगम के महापौर पद के लिए 12 एवं 45 वार्डों के पार्षद पद हेतु कुल 258 प्रत्याशी मैदान में थे। नगरी निकाय चुनाव के लिए निगम क्षेत्र में 240 मतदान केंद्र बनाए गए थे। मोरवा जोन के 11 वार्डों के लिए 54 मतदान केंद्र बनाए गए थे। वार्ड क्रमांक 9 के पोलिंग बूथ क्रमांक 42 में सिंगरौली विधायक रामलल्लू बैस ने अपनी धर्मपत्नी के साथ सबसे पहले मतदान किया। जबकि वार्ड क्रमांक 8 के पोलिंग क्रमांक 34 में भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल ने अपने परिवार के साथ वोट डाला।

युवा मतदाता दिखे उत्साहित- कोविड 19 के कारण दो वर्ष बाद हो रहे नगर पालिक निगम सिंगरौली के मतदान को लेकर आम मतदाताओं में जिस प्रकार का उत्साहित दिखना चाहिए था वैसा इस बार नहीं दिखा। इन सबसे अलग पहली बार मतदाता सूची में आए युवाओं में कुछ उत्साह अवश्य

दिखा। महापौर प्रत्याशियों के साथ ही विभिन्न वार्डों के पार्षद पद के उम्मीदवारों के निर्धारण को लेकर भी मतदाताओं में उहापोह की स्थिति का अनुभव किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान के आगमन के बाद भाजपा द्वारा सामान्य सीट पर पिछड़ा वर्ग के चंद्र प्रताप विश्वकर्मा को टिकट दिये जाने और जिला संगठन के क्रिया कलाप से नाखुश कतिपय वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने कुछ सीमा तक अपनी सक्रियता दिखाई जिससे मतदाताओं का उत्साह बढ़ा। लेकिन इस बार कई वार्डों में मतदाता पर्ची के वितरण नहीं किये जाने एवं वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के कारण भी मतदान का ग्राफगिरा।

कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने सपत्नीक किया मतदान- सुबह करीब 8.30 बजे कलेक्टर राजीव रंजन मीना अपनी धर्मपत्नी श्रीमती भावना मीना एवं पुलिस अधीक्षक बीरेन्द्र सिंह एवं उनकी धर्मपन्ती श्रीमती राशि सिह ने भी शासकीय प्राथमिक पाठशाला विन्ध्यनगर में पहुंचकर अपना मतदान किया।

92 वर्षीया वृद्धा ने किया मतदान- झिंगुरदह स्थित वार्ड क्रमांक 1 के मतदान क्रमांक 4 में 92 वर्षीया रीझन देवी ने मतदान किया। लाठी के सहारे चलकर बुजुर्ग महिला ने मतदान केंद्र पहुंचकर लोगों के बीच यह संदेश दिया कि आपका वोट कितना जरूरी है। इसी तरह शासकीय कन्या हाई स्कूल के मतदान केंद्र क्रमांक 34 में 75 वर्षीय महेश्वरी यादव ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।

वोटर स्लिप नहीं मिलने से परेशान दिखे लोग- वार्ड के कई मतदाताओं को समय पर वोटर स्लिप नहीं मुहैया कराई जा सकी। जिस कारण लोग वोटर लिस्ट में अपना नाम ढूंढते रहे। हालांकि राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं के लिए कई वैकल्पिक व्यवस्थाएं कर रखी थी परंतु जानकारी के अभाव में मतदान केंद्रों में बैठे बीएलओ द्वारा उन्हें वोटर स्लिप के लिए लौटाते देखा गया। जिस कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई पोलिंग में अमूमन ऐसी ही समस्या देखने को मिली।